दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik
www.asliazadi.com
# असली आज़ादी
SINCE 2005
■ वर्ष: 19, अंक: 189 ■ दमण, बुधवार 24 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

जनता जो चाहती है वह मिलता नहीं और जो मिल रहा वह चाहती नहीं

## संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में लोकसभा चुनाव प्रचार में जनता को चाहिए स्थानीय मुद्दे: पार्टी परोस रही हैं राष्ट्रीय मुद्दे

■ चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में नेता चिल्ला-चिल्लाकर राष्ट्रीय मुद्दों पर रख रहे बात लेकिन जनता को इससे नहीं सरोकार

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 23 अप्रैल। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में लोकसभा चुनाव प्रचार में जनता स्थानीय मुद्दे पर नेताओं से आश्वासन एवं कुछ ठोस परिणाम की आस लगाये बैठी है। लेकिन हमारे प्रदेश के नेता सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रीय मुद्दे पर ही बात कर रहे है। हालांकि नेता आधे-आधे घंटे तक यूक्रेन, 370, तीन तलाक सहित अनेक विषयों पर मतदाताओं में ज्ञान बांटने का भरसक प्रयास कर रहे है, लेकिन जनता को शायद इन सभी मुद्दों से कोई सरोकार ही नहीं है। 7 मई को होने वाले मतदान के लिए 5 मई शाम 5 बजे तक चुनाव प्रचार की अनुमति है। ऐसे में राजनीतिक दलों के पास 12 दिन का समय बचा है। अब देखना है कि इन 12 दिनों में राजनीतिक दल स्थानीय मुद्दों पर जनता के साथ सीधे संवाद करके उन्हें राजनीतिक रुप से जोड पाते है या फिर वहीं राष्ट्रीय मुद्दों पर बैठकों की खानापूर्ति कर लोगों को खाना खिलाकर अपने-अपने घर चले जाते है। लोकसभा चुनाव 5 साल में एक बार आता है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों और उसके नेताओं को जनता-जनार्दन की बात और उनके मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देते हुए चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार करनी चाहिए। लेकिन लोकशाही के सबसे बडे पर्व में नेताओं द्वारा सिर्फ राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रवचन देने से मतदाता राजनीतिक गतिविधियों से दूर होने लगे है। आज प्रदेश में कहीं भी चुनावी माहौल दिख नहीं रहा है। सिर्फ चुनाव लडने वाले ही उत्साहित नजर आ रहे है जबकि मतदाता काफी हद तक प्रचार सभाओं से दूरी बनाये हुए है। दूसरे शब्दों में कहे तो मतदाता धीरे-धीरे निष्क्रिय दिखने लगे है। अगर यहीं स्थिति रही तो चुनाव विभाग कितनी भी कोशिश कर ले मतदान का प्रतिशत 60-65 प्रतिशत में ही सिमट कर रह जायेगा। समय अभी भी राजनीतिक दलों के हाथों में है।

## हनुमान जयंती पर दीव के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने किये दर्शन








असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। दीव के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनायी गयी। चुनाव प्रचार के लिए दीव पहुंचे भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने आज दीव जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किये और आशीर्वाद लिया। दीव जिले के वणाकबारा, नागवा, घोघला, पटलेवाडी सहित अनेक विस्तारों के हनुमान मंदिरों में हनुमान जयंती पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। जिसमें बडी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर हनुमानजी के दर्शन किये और महाप्रसाद का लाभ लिया। इसी क्रम में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने भी दीव जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर लालू पटेल के साथ बी. एम. माछी, दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमणे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दीव प्रशासन ने समाहर्तालय में बनाया कंट्रोल रुम

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की जा चुकी है और दीव जिले में 7 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। इसी क्रम में दीव प्रशासन द्वारा समाहर्तालय दीव के प्रथम तल पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) की स्थापना की गई है जो 24 घंटे कार्यरत है। आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एक कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है और शिकायतों को दर्ज करने एवं चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता से संबंधित भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर-1950 की सुविधा प्रदान की गई है। इससे संबंधित दूरभाष सं. 02875-299844 है। साथ ही नागरिकों की सहायता एवं सुविधा हेतु सी-विजिल ऐप भी विकसित किया गया है जिसके जरिए नागरिक आदर्श आचार संहिता / व्यय संबंधी उल्लंघनों के बारे में जीपीएस समर्थित मोबाइल सेट से लाईव फोटो/विडियो/ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए की गई शिकायतों का निपटान शिकायत दर्ज करने एवं फील्ड इंक्वायरी के पश्चात 100 मिनट के भीतर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दीव में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता / व्यय संबंधी उल्लंघनों के बारे में शिकायत दर्ज करने में आम नागरिकों को जागरूक करने एवं उनकी सहायता हेतु प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम, कॉल सेन्टर, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर एवं सी-विजिल ऐप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के साथ दानह निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 23 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दादरा नगर हवेली जिले के निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा व्यवस्थित मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा रिस्पॉसिबल ऑफिसर एवं चीफ ऑफिसर (सिलवासा नगरपालिका) संग्राम शिंदे के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बृजभूषण झा प्राचार्य और उनकी टीम द्वारा नरोली, खरडपाडा, किलवणी और गलोंडा की आंगणवाड़ी वर्करों तथा हेल्परों को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए वोटर हेल्पलाइन, वोट के दिन ले जाने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों मतदान से संबंधित जानकारी हेतु 1950 तथा 1077 द्वारा दी जाने वाली सेवाएं, सी-विजिल एप और वोट के महत्व की जानकारी दी गई। सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक प्रोत्साहित करने हेतु स्वीप टीम द्वारा प्रमुख गार्डन सोसायटी, विराज दर्शन सोसायटी साई रेजिडेंसी, गोकुल बिहार टोकरखाड़ा और दुधनी में मतदान संबंधी जानकारी के साथ नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया और सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। चुनाव का पर्व देश का गर्व की थीम को आत्मसात कर स्वीप टीम व्यवस्थित मतदान शिक्षण और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत दादरा नगर हवेली में विभिन्न आयोजनों द्वारा जन-जन तक वोट संबंधी जानकारी पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रयासरत है। स्वीप टीम द्वारा सोशल मीडिया के अंतर्गत इंस्टाग्राम (sveepdnh2024) और फेसबुक पर भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाती है जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक को फॉलो करें और अधिक से अधिक संख्या में इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए मतदान संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तथा 7 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें।

## सरकारी अपर प्रायमरी स्कूल भीमपोर में बच्चों को दी गयी कानूनी जानकारी





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 23 अप्रैल। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण-दीव के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमण श्री श्रीधर एम. भोंसले के मार्गदर्शन और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के को-मेम्बर सेक्रेटरी एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं मुख्य न्यायाधीश श्री पवन एच. बनसोड की अध्यक्षता में भीमपोर के सरकारी अपर प्रायमरी स्कूल में आज मेगा कानूनी जागरुकता कैम्प का आयोजन किया गया। राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण दमण और एडवोकेट बार एसोसिएशन के सहयोग से आज सुबह 10 बजे भीमपोर के सरकारी अपर प्रायमरी स्कूल में आयोजित मेगा कानूनी जागरुकता कैम्प में बच्चों को कानूनी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं मुख्य न्यायाधीश श्री पवन एच. बनसोड ने बच्चों को संविधान में दिये गये विभिन्न अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मौलिक अधिकार, समानता अधिकार एवं शिक्षा का अधिकार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वकील स्मीता गोहिल ने बच्चों के अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। वकील अल्पेश दमणिया ने कानूनी सेवा प्राधिकरण/ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के माध्यम से आपदा पीडित योजना के बारे में बच्चों को बताया। वकील उदय पटेल ने भारत के संविधान के भाग-4 के तहत मौलिक अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भीमपोर सरकारी अपर प्रायमरी स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति पटेल, शिक्षकों एवं बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वकील स्मीता गोहिल ने किया और आभार विधि वकील उदय पटेल ने किया।

पहला कॉलम



## रिपोर्ट में हुआ खुलासा- जहर से नहीं हुई मुख्तार अंसारी की मौत

**बांदा।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 (गुरुवार) को देर रात मौत हो गई थी। इसको लेकर आरोप लग रहे थे कि मुख्तार अंसारी को जहर दिया गया है। अब विसरा की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें जहर से मरने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल विसरा रिपोर्ट को न्यायिक टीम को सौंप दी गई है। इससे पहले बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर उनके भाई, बेटे और परिजनों ने मुख्तार को जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। जिसके लिए प्रशासनिक व न्यायिक जांच बैठी थी। जानकारी के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद भी जहर देने के शक में विसरा लखनऊ जांच के लिए भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट आने के बाद इसे न्यायिक जांच टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट में जहर देने की पुष्टि नहीं की गई है।बता दें कि बांदा जेल की बैरक में मुख्तार अंसारी की तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आए थे जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। यहां मुख्तार के इलाज में 9 डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी। हालांकि, मुख्तार की जान नहीं बच सकी। इससे पहले मंगलवार को उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कब्ज की समस्या बताई थी और इलाज के बाद उसी दिन कारागार भेज दिया था।

## नगालैंड में भारत सरकार के खिलाफ विद्रोह?

**- पिछले दो माह से आंदोलन, सरकारी कामकाज ठप्प**

**कोहिमा।** कोहिमा में पिछले दो माह से पृथक फ्रंटियर नगालैंड बनाने की मांग हो रही है। नागालैंड के मोन, देसांग, किफरे,लोंगलेग,नौकलॉक और शामाटोर के 6 जिलों में पिछले 2 महीने से आंदोलन चल रहा है। यहां के बाजार बंद है। आंदोलनकारियों की अनुमति से कभी-कभी बाजारों को खोल दिया जाता है। सरकारी कार्यालय में कर्मचारी नहीं पहुंच रहे है। केंद्र सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके कारण नगालैंड मे पिछले 2 महीने से केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन चल रहा है।

**लोकसभा के चुनाव में मतदान नहीं**

19 अप्रैल को यहां पर लोकसभा का मतदान होना था। एक भी मतदाता ने अपना वोट नहीं डाला। यहां तक की 6 जिलों के 20 विधायकों ने भी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। चुनाव आयोग ने 738 मकान केंद्र बनाए थे। सभी 6 जिलों ने पूरी तरह से मतदान का बहिष्कार किया। नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो का कहना है,वह स्थानीय लोगों की मांग से सहमत है। उन्होंने जो किया वह ठीक ही किया। नगालैंड की सरकार आंदोलनकारी से कोई टकराव नहीं लेना चाहती है। उल्लेखनीय है,पूर्वी नागालैंड पीपल्स ऑर्गेनाइजेशन की धमकी का असर मतदान में देखने को मिला। विधायकों अथवा मतदाताओं ने मतदान का विरोध करके, केंद्र सरकार को चेतावनी दी है।

## पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत करने आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा वाले भाषण के बाद चुनाव आयोग की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। पीएम मोदी के दावों की कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के नेताओं ने कड़ी आलोचना कर उन्हें झूठा बताया है। कांग्रेस मामले में चुनाव आयोग भी पहुंची है। बीजेपी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी 16 शिकायतें कांग्रेस ने चुनाव आयोग को सौंपी हैं। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक पुराने भाषण का हवाला देकर मुसलमानों पर टिप्पणी की थी, जिसमें उन्हें घुसपैठिए और ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला कहा गया था। हालांकि पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह के जिस 18 साल पुराने भाषण का ज्रिक किया है, उसमें मनमोहन ने मुसलमानों को पहला हक देने की बात नहीं कही थी। मनमोहन ने 2006 में कहा था, अनुसूचित जातियों और जनजातियों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हमें नई योजनाएं लाकर ये सुनिश्चित करना होगा कि अल्पसंख्यकों और खासकर मुसलमानों का भी उत्थान हो सके, विकास का फायदा मिल सके। इन सभी का संसाधनों पर पहला दावा होना चाहिए। मनमोहन ने अंग्रेजी में दिए गए भाषण में क्लेम शब्द का इस्तेमाल किया था। पीएम मोदी के बयान की आलोचना ये कहकर भी हो रही है कि वे कैसे देश के करीब 20 करोड़ मुसलमानों के लिए घुसपैठिया शब्द इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, इंडी अलायंस के लिए जो भारत में गैर-कानूनी ढंग से घुसते हैं, वे देश की जनता से ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं। इस मामले में राजनीतिक शिकायतों के अलावा, आम नागरिकों ने भी चुनाव आयोग से मांग की है कि इस हेट स्पीच के लिए पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इन सारी आलोचनाओं के केंद्र में फिर आयोग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

# पीएम बोले- हर तरफ एक ही गूंज फिर एक बार मोदी सरकार

**ईमानदार सरकार ही देश का कर सकती है विकास**



**जयपुर । (एजेंसी)**

पीएम मोदी ने विजय शंखनाद रैली में टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के समर्थन में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर तरफ एक ही गूंज फिर एक बार मोदी सरकार. जब-जब हम बंटे है, तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है स्थिर और ईमानदार सरकार विकास के लिए क्या सकती है, 10 वर्षों में सबने देखा है. 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले है। पीएम ने कहा कि आज बजरंगबली की जयंती है और मेरा सौभाग्य है. कि आज शूरवीरों की धरती पर आने का सौभाग्य मिला है. सभा का समय पहले दे दिया था लेकिन अभी तक भी लोगों का हुजूम उमड़ रहा है. लगता है कि यह हुजूम सभा समाप्त होने तक आता रहेगा. और ये जोश साबित करता है कि अबकी बार 400 पार। पीएम मोदी ने लोक देवताओं के जयकारे से अपना सम्बोधन शुरू करते हुए कहा कि 2014, 2019 में राजस्थान ने भाजपा को आशीर्वाद दिया। राजस्थान ने 25 सीटें देकर भाजपा की झोली भर दी। आपके वोट ने देश को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ईमानदार सरकार देश का विकास कर सकती है। राजस्थान के लोगों को बांटने की कोशिश हो रही है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया को कांग्रेस के उनियारा विधायक हरीश मीणा तगड़ी चुनौती दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया तो देश ने वह फैसले लिए जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी लेकिन अगर कांग्रेस 2014 के बाद भी और आज भी अगर दिल्ली में होती तो क्या-क्या हुआ होता। कांग्रेस होती तो जम्मू-कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चल रहे होते, कांग्रेस होती तो सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते और कांग्रेस सरकार कुछ न करती, हमारे सैनिकों के लिए वन रैंक-वन पेंशन लागू नहीं होता, देश के कोने-कोने में बम धमाके होते ही रहते। कांग्रेस होती तो अपने लिए भ्रष्टाचार के नए रास्ते तलाशती।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोंक में कहा, एकता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। जब-जब हम बंटे हैं तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। अब भी राजस्थान और यहां के लोगों को बांटने की पूरी कोशिश हो रही है, इससे राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है।

**-आर्मी हेडक्वार्टर पर दागे 35 रॉकेट**

# हिजबुल्लाह ने किया इजराइल पर मिसाइल से हमला

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

ईरान-इजरायल में जारी तनातनी के बीच इजराइल पर फिर से मिसाइल की बौछारें हुई हैं।इस बार ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजराइल पर मिसाइल से हमला कर दिया है। हमास के सहयोगी और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने इजरायल के आर्मी हेडक्वार्टर को निशाना बनाया बनाकर दर्जनों कत्युशा रॉकेट से हमला किया है। इजरायली सेना और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच लगभग रोजाना सीमा पार से गोलीबारी हो रही है।लेकिन इस बार हिजबुल्लाह ने इजरायली सेना के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है।फिलहाल, इजरायल-ईरान तनाव अब तक के उच्चतम स्तर पर है और इसी बीच लेबनानी शिया चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह ने सीमा पार इजरायली सैन्य ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए हैं.हिजबुल्लाह ने अपने बयान में कहा कि उसने दर्जनों कत्युशा रॉकेटों के साथ इजरायली ईन जीटिम बेस पर 91वें डिवीजन के तीसरे इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय पर बमबारी की है।हिजबुल्लाह का यह हमला लेबनान के दक्षिणी गांवों और नागरिक घरों पर इजरायली हमलों के जवाब में है।

एक समाचार एजेंसी ने सोमवार को तीन गांवों पर इजरायली हमले की सूचना दी थी.वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान से उत्तरी इजरायल के ईन जीटिम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले लगभग 35 रॉकेटों की पहचान की गई और इस हमले में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।इजरायली सेना ने आगे कहा कि उसकी सेना ने दागे गए रॉकेट के सोर्स पर हमला किया है। बता दें कि 7 अक्टूबर के बाद से लेबनान में 376 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से सबसे अधिक हिजबुल्लाह के लड़ाके हैं और 70 आम नागरिक हैं।वहीं, इजरायल की तरफ से 10 जवान और 8 नागरिकों की मौत हो चुकी है।हिजबुल्लाह का इजरायल के साथ आखिरी बड़ा युद्ध 2006 में हुआ था। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के अभूतपूर्व हमले के बाद से गाजा में युद्ध जारी है।



## क्रेडिट स्कोर कम तो पर्सनल लोन मिलना मुश्किल

**- ऋण आवेदन में जोड़े सह-आवेदक तो तुरंत पास होगा लोन**

**नई दिल्ली।**

अगर आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा है तो आसानी से कोई भी बैंक आपको पर्सनल लोन दे देता है। वहीं, क्रेडिट स्कोर कम है तो आपको पर्सनल लोन मिलने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आपको लगाता है कि बैंक कम क्रेडिट स्कोर के आधार पर आपके पर्सनल लोन का आवेदन अस्वीकार कर सकता है, तो ऋण आवेदन में एक सह-आवेदक जोड़ें, जिससे क्रेडिट स्कोर की संभावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसके लिए आपको यह ध्यान रखना होगा कि जिस सह-आवेदक को अपना जोड़ा है वह परिवार का कमाऊ सदस्य होना चाहिए यानी उसकी आमदनी अच्छी होनी चाहिए। सह-आवेदक किसी प्रतिष्ठित कंपनी या सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन का कर्मचारी होगा तो लोन मिलने होने की संभावना बढ़ जाती है और बैंक या ऋणदाता आपके आवेदन को नामंजूर करने के लिए आपके सिविल स्कोर को कारण नहीं बना सकता है। बैंकों और एनबीएफसी को मालूम रहता है कि बड़ी प्रतिष्ठित कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में रोजगार में दूसरों की तुलना में अधिक आय निश्चितता होती है।पर्सनल लोन लेते समय, अधिकांश ऋणदाता कम ऋण-से-आय अनुपात की तलाश करते हैं, अधिमानतः 40फीसदी से कम क्योंकि यह लोन आवेदक के आय स्तर के लिए संतुलित लोन होता है। आपको लगता है कि बैंकों से आपको पर्सनल लोन नहीं मिल पाएगा। तो एनबीएफसी या फिनटेक कंपनी में भी लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनकी शर्तें कुछ हद तक बैंकों और एनबीएफसी कंपनी के मुकाबले लचीली होती हैं।

## बिना चुनाव लड़े सूरत सीट हारी कांग्रेस अब हुई सक्रिय

**विदेशी मुद्रा भंडार पहुंचा 642.631 अरब डॉलर**

**-चुनाव आयोग से की शिकायत, दोबारा चुनाव कराने की मांग**

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

गुजरात मे सूरत से कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन रद्द होने से बीजेपी उम्मीरवार मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत विवादों में आ गई है। इस सीट पर बचे 8 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद अब इस मामले में कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की है।

कांग्रेस का आरोप है कि अनुचित प्रभाव के चलते बीजेपी उम्मीदवार को विजय घोषित कर दिया गया है। कांग्रेस ने आयोग से मांग है कि इस सीट पर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। कांग्रेस का दावा है कि बीजेपी कारोबारी समुदाय से डर गई जिस वजह से उसने सूरत लोकसभा सीट पर मैच फिक्सिंग का प्रयास किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के अन्याय काल में लघु, छोटे और मझोलो उद्यमियों और कारोबारी समुदाय परेशान है। इनके गुस्से ने बीजेपी को इतना डरा था कि बीजेपी ने सूरत लोकसभा सीट पर मैच फिक्सिंग की। हमारे चुनाव और लोकतंत्र, बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान खतरे में है। ये हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है। कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर मांग की कि सूरत में चुनाव प्रक्रिया दोबारा कराई जाए। सिंघवी ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि सूरत सीट पर चुनाव को स्थगित कर जल्द से जल्द दोबारा चुनाव कराए जाएं ताकि देश में एक संदेश जा सके कि कोई भी इस तरह से गलत प्रभाव डालकर चुनाव में लाभ नहीं उठा सका। सिंघवी ने कहा कि ये कोई ऐसा मामला नहीं है, जहां मामले पर चुनाव याचिका के जरिए फैसला होगा। उन्होंने कहा कि सूरत में चार प्रस्तावकों ने कांग्रेस उम्मीदवार को नॉमिनेट किया था, लेकिन चारों ने अपने हस्ताक्षरों को झुठला दिया। चारों ने इकट्ठे! ये कोई संयोग नहीं है। सिंघवी ने कहा कि हमारा उम्मीदवार कई घंटों तक गुमशुदा था और जब तक वह सामने आए तो पता चला कि बचे हुए सभी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। हमारे उम्मीदवार का नामांकन खारिज कर दिया गया।

**- पर्यटक समय बिताने के साथ ही फोटोग्राफी का ले रहे आनंद**

## जम्मू-कश्मीर में बिछी पीली कालीन, पर्यटकों को कर रही आकर्षित

**श्रीनगर। (एजेंसी)**

जम्मू-कश्मीर जहां कभी आतंकियों की गोलियां बरसती थी अब वहां हरियाली बरस रही है। यहां हर साल कश्मीर घाटी की मनमोहक सुंदरता लाखों पर्यटकों को आकर्षित करती है। यहां हर मौसम में दुनिया के अलग-अलग देशों से पर्यटक आते हैं और वसंत उनमें से एक है। वसंत ऋतु के दौरान बाग-बगीचों और खेतों में खिले फूलों से यहां का नजारा मनमोहक नजर आता है और यह पर्यटकों को अपनी और आकर्षित कर करते हैं। सरसों के खेतों का खिलना कश्मीर में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और पर्यटक इन पीले खेतों में फोटोग्राफी का आनंद ले रहे हैं।

इन दिनों जम्मू-कश्मीर में पीली सरसों के खेत बहुत सुंदर दिखाई दे रहे हैं, जो पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करते हैं। हर दिन देश व विदेश के पर्यटक यहां आ रहे हैं और वे आकर्षक सरसों के खेतों में समय बिताने और फोटोग्राफी का आनंद ले रहे हैं। बता दें कुछ दिन पहले कश्मीर आने वाले लाखों पर्यटकों का लक्ष्य एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन की सुंदरता को देखना था, जिसे 23 मार्च को जनता के लिए खोला गया था, लेकिन इसके अलावा, इस साल कृषि विभाग के प्रयासों और अच्छी जलवायु से सरसों के खेत जैसे पीला कालीन बिछा हो की तरह नजर आ रहे हैं और इन खेतों की खुशबू हर दिन हजारों पर्यटकों को अपनी और खींच रही है।

पर्यटक गुलमर्ग पहलगाम और घाटी के मुगल गार्डनों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के आनंद की मदद से उन्हें नए और अनोखे अनुभव मिल रहे हैं। लोगों को कश्मीर आने और घाटी की मनमोहक सुंदरता का आनंद लेने और सरसों के खेतों का दौरा करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इन दिनों वसंत ऋतु है और यह पर्यटकों के लिए कश्मीर की यात्रा करने और सरसों के खेतों समेत फूलों की किस्मों को देखने का सबसे अच्छा समय है जो घाटी की सुंदरता को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

## सेना पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला दुनिया का चौथा देश है भारत

नई दिल्ली(ईएमएस)।समूची दुनिया में सैन्य खर्च लगातार बढ़ रहा है। सेना और हथियारों पर होने वाला यह खर्च साल 2023 रिकॉर्ड 2,443 बिलियन डॉलर पहुंच गया। भारत भी इस रेस में पीछे नहीं है और अमेरिका, चीन व रूस के बाद लिस्ट में चौथे नंबर पर है। नई दिल्ली की ओर से सेना के आधुनिकरण की कोशिशें जारी हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने रिपोर्ट में कहा है कि 2023 में 83.6 अरब डॉलर के खर्च के साथ भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश रहा। भारत का यह खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक था। सिपरी की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा सैन्य खर्चकर्ता चीन है। बीजिंग ने साल 2023 में अपनी सेना पर 296 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि चीन के कई पड़ोसी देशों ने अपने खर्च में बढ़ोतरी को चीन के बढ़ते सैन्य खर्च से जोड़ा है। साल 2022 में चीन का सैन्य खर्च 292 अरब डॉलर तक था। सैन्य खर्च से जुड़ी यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध चल रहा है। हालांकि, सीमा पर बने इस तनाव को कम करने के लिए बातचीत भी जारी है। बॉर्डर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए दोनों के बीच 21 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है। मई, 2020 में लद्दाख गतिरोध के बाद से भारत ने अपनी सैन्य क्षमताओं पर फोकस बढ़ा दिया है। चीन से लगी सीमा पर सैन्य बुनियादी ढांचे को और ज्यादा मजबूत करने पर काम जारी है। भारत लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर, युद्धपोत, टैंक, तोपखाने बंदूकें, रॉकेट और मिसाइलों के साथ अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। सैन्य क्षमताओं और दूसरी युद्ध प्रणालियों को मजबूती दी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भी भारत सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाला चौथा देश था। उस समय भारत का सैन्य खर्च 81.4 बिलियन डॉलर था, जो 2021 की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक था और 2013 से 47 प्रतिशत बढ़कर था।

## नीदरलैंड के उप-प्रधानमंत्री ने डब्ल्यूईसी-2024 में भारत मंडप का दौरा किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत 22 अप्रैल, 2024 से 25 अप्रैल, 2024 तक नीदरलैंड के रॉटरडैम में आयोजित होने वाली 26वीं विश्व ऊर्जा कांग्रेस में अपनी अभिनव प्रौद्योगिकियों और विद्युत उत्पादन संबंधी कार्यप्रणालियों का प्रदर्शन कर रहा है। इस कांग्रेस में भारतीय मंडप का उद्देश्य वैश्विक मंच पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के साथ अभिनव प्रौद्योगिकियों और विद्युत उत्पादन संबंधी कार्यप्रणालियों को प्रदर्शित करने का केंद्र बनना है। भारत मंडप में विद्युत मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, कोयला मंत्रालय व पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसयू) हिस्सा ले रहे हैं। ये सीपीएसयू वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में भारत के नेतृत्व को सामूहिक रूप से प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके अलावा विद्युत मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्रीकांत नागुलापल्ली सहित प्रतिभागी संगठनों जैसे कि- एनटीपीसी, पावरग्रिड, पीएफसी, आरईसी, एनएचपीसी, एसईसीआई, ओएनजीसी और विश्व ऊर्जा परिषद- भारत के सीएमडी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME**

OLD NAME - SHAIKH NILOFAR JAMAL
**NEW NAME - NILOFAR MD JAMAL SHAIKH**
**ADD :-** 3/195 KHARAWAD MASJID STREET, NANI DAMAN, PIN CODE - 396210

**CHANGE OF NAME**

OLD NAME - KHOT MOHAMAD FAIZAIN AKBARALI
**NEW NAME - MOHAMADFAIZAN ACBARALI**
**ADD :-** 3/195 KHARAWAD MASJID STREET, NANI DAMAN, PIN CODE - 396210

# जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने दीव के केवड़ी, फुदम और गांधीपारा में मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। दीव में आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की दीव जिले हेतु नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने 23 अप्रैल 2024 को दीव के केवड़ी, फुदम और गांधीपारा स्थित मतदान केंद्रों का दौरा किया और वहां मतदान संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। ऑब्जर्वर महोदया ने उपस्थित अधिकारियों से मतदान केंद्रों पर चुनाव की तैयारियों के बारे में जरूरी जानकारी ली और इससे जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

# दीव के पटेलवाडी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

■ हनुमानजी की मूर्ति स्थापना के साथ तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ संपन्न



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। दीव के पटेलवाडी में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इसके साथ ही नवनिर्मित मंदिर में विधि-विधान से हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव भी संपन्न हो गया। तीन दिवसीय यज्ञ का भी आयोजन किया गया था, जिसकी आज पूर्णाहुति हुई। जय श्री राम की जयघोष के साथ यजमानों के हाथों पंडित द्वारा हनुमानजी की मूर्ति स्थापित करायी गयी। मूर्ति की पूजा-अर्चना के साथ ही कलश-त्रिशूल तथा ध्वजा की पूजा की गयी और ध्वजारोहण किया गया। दोपहर को महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह पूरा धार्मिक कार्यक्रम बेटावाडी से झोलावाडी संयुक्त हिन्दू कोली समाज द्वारा आयोजित किया गया था।

# चैत्र पूनम के अवसर पर दीव के पटेलवाडी में लगा मेला



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। चैत्र पूनम के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीव के पटेलवाडी में भव्य लगा था। जिसमें बडी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मेला का आनंद उठाया। साथ ही भवानी माता मंदिर में दर्शन भी किया। पटेलवाडी में लगे इस मेले में दीव जिले की सभी जाति के लोग शामिल हुए।







# दीव के नागवा एयरपोर्ट पर जेटी ग्रुप ने मनायी हनुमान जयंती



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। दीव के नागवा एयरपोर्ट के पास स्थित हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेटी ग्रुप द्वारा हनुमान जयंती मनायी गयी। जेटी ग्रुप के युवाओं ने हनुमान दादा की प्रतिमा के समक्ष केक काटकर हनुमान जयंती मनायी। इसके बाद महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर महाप्रसाद का लाभ लिया।

## लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के मद्देनजर

# स्वीप गतिविधियों संबंधी जागरूकता हेतु गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित हुई क्वीज प्रतियोगिता





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 23 अप्रैल। दीव में आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 हेतु स्वीप गतिविधियों संबंधी जागरूकता के लिए 23/04/2024 को गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल दीव में क्वीज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग से दीव जिले हेतु नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी उपस्थित रहीं। स्वीप गतिविधियों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस क्वीज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कुल 50-60 विद्यार्थी प्रतिभागी शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाली तीन सफल प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार के तौर पर प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी वितरित किए गए। जनरल ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से स्वीप गतिविधियों संबंधी प्रश्न पूछे और विद्यार्थियों ने उनके उत्तर दिये। ज्ञात हो कि दमण एवं दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 7 मई 2024 को आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव हेतु मतदान का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में दीव प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल दीव में स्वीप गतिविधियों संबंधी जागरूकता हेतु क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन इन जागरूकता कार्यक्रमों की एक कड़ी है। उल्लेखनीय है कि आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रहेगा ताकि दीव में स्वीप जागरूकता गतिविधियों संबंधी व्यापक जागरूकता फैलाई जा सके।

# दादरा नगर हवेली के सभी हनुमान मंदिरों में आयोजित हुआ हनुमान जयंती महोत्सव

■ आमली हनुमान मंदिर से लेकर जिले के सभी हनुमान मंदिरों में हवन, पूजन के साथ-साथ महाप्रसाद के लिए देखी गई लंबी लाइन





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 23 अप्रैल। दादरा नगर हवेली में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारत के ग्राम देवता कहे जाने वाले बजरंगबली हनुमान के जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ यज्ञ और हवन सहित महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया। कई जगह पर भजन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह से ही चारों तरफ भक्ति और उल्लास का माहौल था। हर कोई बजरंगबली के मंदिर की तरफ जाता हुआ दिखाई दे रहा था। हनुमान मंदिर पर सुबह से ही लंबी कतारें देखी जा रही थी और हर कोई हनुमान जयंती के मौके पर अपनी भक्ति के माध्यम से राम भक्त हनुमान का परम भक्त बनने का प्रयास कर रहा था। इसी संदर्भ में आमली हनुमान मंदिर, बाविसा फलिया पंचमुखी हनुमान मंदिर, लवाछा ब्रह्म ऋषि हनुमान मंदिर, तंबाडी पंचमुखी हनुमान मंदिर सहित जिले भर के सभी हनुमान मंदिरों में महाप्रसाद, हवन और भजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। आमली हनुमान मंदिर में पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से प्रत्येक हनुमान जयंती पर आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम यथावत आयोजित किए गए और हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया।

# शादी की लालच देकर विधवा से दुष्कर्म करने वाला विधर्मी निकला कुख्यात अपराधी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजकोट (ईएमएस)। राजकोट से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक विधर्मी ने शादी की लालच देकर विधवा महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का शिकार महिला ने तीन संतानों को जन्म दिया। सच्चाई सामने आने के बाद पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक राजकोट की 34 वर्षीय विधवा महिला ने राजकोट के महिला पुलिस थाने में 36 वर्षीय यासीन उर्फ भूरो कैयडा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। टिफिन सर्विस और कपड़े व्यवसाय से जुड़ी महिला के पति ने करीब 14 साल पहले आत्महत्या कर ली थी। 8 साल पहले विधवा महिला का यासीन उर्फ भूरा के साथ संपर्क हुआ। शुरूआत में दोनों के बीच मोबाइल से बातचीत होती और उसके बाद मिलना जुलना शुरू हुआ। उस वक्त यासीन ने अपनी पहचान राहुल प्रजापति के तौर पर दी थी। साथ ही बताया था कि उसका पत्नी के साथ तलाक हो गया है। इतना ही यासीन ने महिला को अपना माता-पिता और बहन से भी मिलवाया था। बाद में यासीन ने महिला के समक्ष रिलेशनशिप में रहने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि बाद वह उससे शादी कर लेगा। विधवा महिला यासीन के झांसे में आ गई और रिलेशनशिप में रहने को तैयार हो गई। जिसके बाद महिला यासीन के साथ एक ही फ्लैट में रहने लगी। उस दौरान शादी की लालच देकर यासीन ने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जिसकी वजह से तीन बार गर्भवती हुई और तीन संतानों को जन्म दिया। जिसमें एक संतान की मौत हो चुकी है। उसी दौरान यासीन गुजसीटोक के मामले में साढ़े तीन साल तक जेल में भी रहा। जेल से बाहर आने के बाद यासीन की माता ने उसके कान भरने शुरू कर दिए। यासीन से कहा कि पीड़िता किसी के साथ फोन पर बातचीत करती है। जिसे लेकर यासीन पर उस पर शक करने के साथ ही मारपीट करने लगा। उस दौरान पीड़िता जब कभी यासीन से शादी की बात करती तो वह कोई ना कोई बहाना बताकर टाल देता। साथ ही टिफिन सर्विस और कपड़े व्यवसास से होनेवाली आय जबर्दस्ती ऐंठ लेता था। यासीन की यातनाओं से तंग आकर पीड़िता ने आखिरकार उसके खिलाफ राजकोट के महिला पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जिसके आधार पर पुलिस ने यासीन उर्फ भूरा कैयडा को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक विधर्मी आरोपी के खिलाफ बीते 9 सालों के भीतर 5 जितने मामले दर्ज हो चुके हैं। जिसमें हत्या की कोशिश, मारपीट, गुजसीटोक समेत मामले शामिल हैं। वर्ष 2019 में आरोपी के खिलाफ पासा के तहत कार्यवाही की गई थी।

स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)